23. मुहावरे और लोकोक्तियाँ

मुहावरे वे वाक्यांश होते हैं, जो एक विशेष अर्थ की ओर संकेत करते हैं। इसके द्‌वारा भाषा में अनोखापन आ जाता है। लोकोक्तियाँ लोक में प्रचलित तथा लोक अनुभव पर आधारित उक्तियाँ या कथन होते हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को मुहावरों का अर्थ समझाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 114-117 पर दिए मुहावरों के उदाहरणों को पढ़ें। आँखों में धूल झोंकना, पानी-पानी होना, ईद का चाँद होना इन मुहावरों के अर्थ समझाएँ।
- ❖ बच्चों से इन मुहावरों का कोई अन्य वाक्य प्रयोग करने को कहें।
- ❖ मुहावरे की परिभाषा याद करवाकर सुनें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 118 पर दी लोकोक्तियों, उनके अर्थ तथा वाक्य प्रयोग छात्रों से पढ़वाएँ।
- ❖ लोकोक्ति का अर्थ समझाएँ।
- ❖ सभी को पढ़ने का समान अवसर दें।
- ❖ सुनिश्चित करें छात्र पाठ विषय समझ पा रहे हैं।
- ❖ छात्रों से कुछ अन्य मुहावरे तथा लोकोक्तियाँ पूछें जो वे अपनी बातचीत में प्रयोग में लाते हैं।
- ❖ छात्रों द्‌वारा किए अभ्यास जाँचें।